| Article Date | Headline / Summary | Publication |
|---|---|---|
| 09 Jul 2026 | Insurance helps mitigate economic losses caused by El Niño: Bajaj General Insurance | Punjab Kesri (Hindi) |

# एल नीनो की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान से इंश्योरेंस सहायक : बजाज जनरल इंश्योरेंस

चंडीगढ़, 8 जुलाई (स.ह.) : एल नीनो का मतलब है प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से में पानी की सतह का समय-समय पर गर्म होना और यह दुनिया भर के मौसम को बदलने वाले सबसे बड़े कारणों में से एक है। इससे खेती की पैदावार, सप्लाई चेन, इंफ्रास्ट्रक्चर, कर्मचारियों के काम करने की क्षमता और हर सैक्टर के बिजनैस पर सीधा असर पड़ता है। डॉ. तपन सिंघल, एम.डी. और सी.ई.ओ., बजाज जनरल इंश्योरेंस ने बताया कि देखा जाए तो खेती उन सैक्टर्स में से एक है, जिन पर एल नीनो का सबसे बुरा और सीधा असर पड़ता है। बारिश के समय और तरीके में बदलाव आने से फसलों की बुआई का पूरा शैड्यूल बिगड़ जाता है। इससे पैदावार तो कम होती ही है। इसके साथ ही खेती और उससे जुड़े कामों पर निर्भर करोड़ों लोगों की आमदनी पर बुरा असर पड़ता है।

इकोनॉमिक सर्वे 2023-24 के मुताबिक भारत की लगभग 42 प्रतिशत आबादी अपनी रोजी-रोटी के लिए खेतीबाड़ी पर ही निर्भर है और देश की जी.डी.पी. में भी इसका योगदान 18 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे हालात में क्रॉप इंश्योरेंस बहुत काम आता है। यह कम बारिश, बहुत ज्यादा बारिश या मौसम के ऐसे ही किसी भी उतार-चढ़ाव से होने वाले नुक्सान की भरपाई करके किसानों को आर्थिक तंगी से बचाता है।